# कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Website – www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID – commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599

## –:: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::–

क्रमांक / कार्य.अभि. / विद्युत शाखा / निविदा / 2022 / 5823 धमतरी, दिनांक / 02 / 2022

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | – | 11 / 02 / 2022 कार्यालयीन अवधि तक |
| 02. | कोरे निविदा प्रपत्र हेतु शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | – | 15 / 02 / 2022 कार्यालयीन अवधि तक |
| 03. | कोरे निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि | – | 15 / 02 / 2022 कार्यालयीन अवधि तक |
| 04. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | – | 22 / 02 / 2022 सांय 04.00 बजे तक |
| 05. | निविदा खोलने की तिथि | – | 23 / 02 / 2022 सायं 04.00 बजे |

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा विद्युत व्यवस्था हेतु लगाए गए एल ई डी लाईट के मरम्मत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारो से फार्म "A/B/C" मे कार्य सम्पादन हेतु त्री लिफाफा (निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि) पद्धति से नगर पालिक निगम कार्यालय के विद्युत शाखा मे स्पीड पोस्ट के माध्यम से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | गार्डनों से निकाले गए स्ट्रीट / एल0ई0डी0 लाईट का ड्राइवर एवं लैंस मरम्मत कार्य। | 1.90 लाख | 6000.00 | 300.00 | 01 माह |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्ते एवं अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में जल प्रदाय शाखा से प्राप्त की जा सकती है, विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamdhamtari.com तथा www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी
धमतरी, दिनांक / 02 / 2022

पृ.क्रमांक / कार्य.अभि. / विद्युत शाखा / निविदा / 2022 / 5874
प्रतिलिपि –

01. माननीय महापौर / अध्यक्ष (स्पीकर), नगर पालिक निगम धमतरी।
02. प्रभारी सदस्य, लोक कर्म शाखा समिति, नगर पालिक निगम धमतरी।
03. कार्यालय कलेक्टोरेट, जिला – धमतरी।
04. कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व), धमतरी।
05. कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, धमतरी।
06. प्रेषक, नगर पालिक निगम धमतरी को सूचना फलक में चस्पा करने हेतु।
07. ग्रंथपाल, नगर पालिक निगम धमतरी को प्रकाशन पश्चात निविदा सूचना का पेपर कतरन प्रस्तुत करने हेतु।
08. डाटा सेन्टर प्रभारी, नगर पालिक निगम धमतरी उक्त संशोधन सूचना विभागीय वेबसाईट में अपलोड करें तथा डाटा सेन्टर रायपुर को भेजे।
09. संपादक, प्रतिनिधि, दैनिक ............... समाचार पत्र को 2x10 सें.मी. साईज में उपरोक्त विज्ञापन प्रकाशित किये जाने हेतु प्रेषित।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी



Scanned with CamScanner

# कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी,जिला–धमतरी (छ.ग)

## एल ई डी ड्राइवर एवं लैंस प्रदाय कार्य हेतु निविदा सूचना कमांक दिनांक

## निविदा शर्ते

1. GST की प्रति जिसमें फर्म/ठेकेदार द्वारा कौन कौन से सामाग्री विकय कर सकते है का उल्लेख हो।
2. गुमास्ता लायसेंस की प्रति।
3. पेनकार्ड की प्रति।
4. 03 YRS ITR की प्रति। (2018–19, 2019–20, 2020–21)
5. 50.00 रूपये के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर निविदा प्रपत्र/आवेदन मे आवेदक फर्म के संबंध में उल्लेखित जानकारी सत्य होने, दस्तावेज प्रमाणित होने, वार्षिक टर्न ओव्हर की जानकारी सही होने, किसी भी विभाग की काली सूची मे दर्ज या डिबार नही होने पर एवं नगर पालिक निगम धमतरी में निकटतम रिश्तेदार कार्यरत नही होने की जानकारी सत्य होने का नोटरियल शपथ पत्र।
6. सशर्त निविदाये स्वीकार योग्य नही होगा ।
7. निविदा मात्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट (ए.डी.) के द्वारा ही प्राप्त की जावेगी, इसके अतिरिक्त और किसी प्रकार से जैसे कि व्यक्तिगत डिलेवरी , एस्प्रेस डिलीवरी आदि से प्राप्त नही की जायेगी ।
8. अमानत राशि और सुरक्षा राशि (जो किसी अन्य कार्य का हो ) समयोजित नही किया जावेगा।
9. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के पश्चात पोस्टमेन से निविदा लिफाफा प्राप्त नही की जावेगी , और संबंधित ठेकेदार /फर्म को मूलतः वापस कर दी जावेगी।
10. निविदा द्वि लिफाफा पध्दति से होगा जिसमें लिफाफा कमाक ''अ'' में अमानत राशि तथा लिफाफा कमाक ''ब में निविदा प्रपत्र जमा करना होगा ,, लिफाफा कमाक ''अ'' पहले खोला जावेगा तथा अमानत राशि सही होने पर लिफाफा कमाक ''ब'' खोला जावेगा ।
11. लिफाफा कमाक ''अ'' एवं ब को तीसरे बड़े लिफाफे में सील बंद कर प्रस्तुत करना होगा
12. अमानत राशि केवल एफ.डी.आर. के रूप में ही स्वीकार की जावेगी ।
13. एक ठेकेदार /फर्म द्वारा प्रस्तुत एक ही कार्य के निष्पादन के लिये एक से अधिक निविदा प्रस्तुत नही की जावेगी ।

Scanned with CamScanner

14.ठेकेदार द्वारा निविदा की प्रस्तुति से अभिप्राय है कि उसने निविदा की सूचना पत्र शर्ते एवं अन्य संविदा दस्तावेजो को पढ़कर जांच कर लिया है कार्य स्थल का निरीक्षण कर कार्य स्थल की सुगमता एवं कार्य की उपयुक्तता से संतुष्ट है।

15.विभिन्न सामग्री प्रदाय कार्य में ठेकेदार/फर्म/संस्था द्वारा प्रदाय किये गए सामग्री गुणवत्तायुक्त पाए जाने पर ही भुगतान किया जावेगा।

16.ठेकेदार द्वारा प्रदायित समस्त विद्युत सामग्री आई0 एस0 आई0 मार्क/सक्षम श्रेणी के फर्म द्वारा निर्मित होना अनिवार्य होगा। ठेकेदार को निर्माण कंपनी/फर्म/शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार वारण्टी/गारण्टी कार्ड प्रदायित सामग्री के साथ प्रस्तुत करना होगा। एवं समय सीमा में खराब हुए/खराब पाए गए सामग्री को बिना किसी शर्त के बदल के/मरम्मत करके पुनः प्रदाय करके देना होगा।

17.निविदाकार द्वारा दिया गया दर अंको एवं शब्दो में लिखा जाना होगा। किसी प्रकार की ओव्हर रायटींग एवं काट छाट की स्थिति में निविदा दर निरस्त किया जावेगा।

18.अंको एवं शब्दो में दिये निविदा दर में भिन्नता पाये जाने पर प्राप्त न्युनतम दर पर विचार किया जावेगा।

19.निविदा खोले जाने के समय एवं निर्धारित स्थान पर निविदाकार या उनका प्रतिनिधी उपस्थित रह सकते है।

20.अनुबंध के समय निविदाकार को स्वयं उपस्थित होना होगा। प्रतिनिधि को अनुमति नही होगी।

21.किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत या पूर्ण रूप से अमान्य करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी /कार्यपालन अभियंता/आयुक्त के पास सुरक्षित रहेगा ।

22. ठेकेदार को किसी प्रकार का अग्रिम चाहे वो मोबेलाइजेशन से संबंधित हो चाहे मशीनरी से संबंधित हो प्रदाय नही किया जावेगा ।

23.शासन द्वारा निर्धारित कर अनुसार कार्यो में करो की राशि कटौती की जावेगी , सुरक्षा निधि के रूप में काटी गई राशि जो नगद राशि के रूप में नगर पालिक निगम में जमा रहेगी, जिस पर नगर पालिक निगम द्वारा किसी प्रकार का ब्याज देय नही होगा , ना ही उक्त राशि बैंक गारंटी में परिर्वतन की जावेगी ।

24. ठेकेदार के देयक से काटी गई सुरक्षा निधि की राशि का भुगतान एवं निविदा के साथ जमा अमानत राशि की वापसी कार्य पूर्ण होने के 01 वर्ष पश्चात/शासन से प्राप्त नियमानुसार कार्य की गुणवक्ता एवं सक्षम तकनीकी अधिकारी से अंतिम बिल देयक भुगतान के अनापत्ति उपरांत ही की जावेगी।

25.किसी प्रकार की विवाद की स्थिति में कार्यपालन अभियंता/आयुक्त का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

26.प्राप्त निविदा को बिना किसी कारण बताये स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार कार्यपालन अभियंता/आयुक्त के पास सुरक्षित रहेगा ।

27.निविदा आमंत्रण पत्र एवं उनकी शर्ते इकरारनामा (अनुबंध) का हिस्सा माना जावेगा। जिसे निविदाकारों को मानना होगा।

Scanned with CamScanner

28. प्रत्येक बिल भुगतान के समय कार्य की प्रगति की वास्तविक फोटोग्राफ्स संलग्न करना होगा । (प्रारंभ , मध्य, अंत)

29. निविदा की वैधता निविदा प्राप्ति दिनांक के 01 माह तक की होगी । निविदाकार द्वारा उक्त अवधि में निविदा दर वापस लिये जाने की स्थिति में निविदाकार द्वारा जमा की गई राशि (अमानत राशि, परफार्मेंस गारंटी राशि) निकाय द्वारा जप्त कर ली जावेगी ।

30. कार्यपालन अभियंता/अधिकृत अधिकारी के पास कार्य की मात्रा कम या ज्यादा करने का अधिकार होगा जिसे निविदाकार को मानना होगा।

31. निर्माण कार्य प्रारंभ करते समय ठेकेदार द्वारा साईट इंजीनियर को सूचित किया जाना होगा। साईट इंजीनियर द्वारा दिये गये निर्देशो का पालन ठेकेदार को किया जाना होगा।

32. राशि की कमी के कारण कार्य नही रोका जाना होगा। और यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उक्त आधार पर कार्यावधि नही बढ़ायी जावेगी। राशि उपलब्ध होने पर ही भुगतान किया जावेगा ।

33. निविदा सूचना/शर्तो में किसी प्रकार संशोधन की आवश्यकता होने पर संशोधन सूचना समाचार पत्रो में प्रकाशित नही की जावेगी , संशोधन सूचना केवल विभागीय वेबसाइट पर दी जावेगी ।

34. संलग्न सूची में उल्लेखित अनुसार सामग्री मरम्मत का दर प्रस्तुत करना होगा ।

35. प्रदायित सामग्री को फिटिंग करके, एवं उक्त एल ई डी लाईट को चालू करके देना होगा।

36. उपरोक्त समस्त प्रकरण में किसी प्रकार की न्यायालयीन प्रक्रिया मान्य नही होगी।

37. शासन से समय समय पर जारी निर्देशो /आदेशो का पालन करना होगा ।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, धमतरी
जिला–धमतरी (छ.ग.)

Scanned with CamScanner